69. 'अग्निहोत्र' का संबंध किससे है?

(A) ऊर्जा की उत्पत्ति

(B) जल संरक्षण

(C) वायु शुद्धिकरण

(D) उक्त में से कोई नहीं

70. 'यज्ञ' पद में किस धातु का प्रयोग हुआ है?

(A) ज्ञा

(B) यज्

(C) यम्

(D) युज्

71. यज्ञीय धूम से पर्यावरण पर प्रभाव पड़ता है-

(A) ओजोन परत को हानि

(B) वायु को रोगाणुमुक्त एवं शुद्ध करना

(C) वायु-प्रदूषण में वृद्धि

(D) इनमें से कोई नहीं

72. भारतीय परंपरा में 'यज्ञ' को किस रूप में माना जाता है?

(A) धार्मिक अनुष्ठान मात्र

(B) मनोरंजन का साधन

(C) पर्यावरण-शोधक प्रक्रिया

(D) इनमें से कोई नहीं

73. वैदिक साहित्य के 'ऋत' का पर्यावरणीय अर्थ है-

(A) प्राकृतिक नियम

(B) पर्यावरणीय असंतुलन

(C) प्रकृति का शोषण

(D) प्राकृतिक विनाश

74. संस्कृत साहित्य में वृक्षों को संज्ञा दी गयी है

(A) मित्रवत्

(B) शत्रुवत्

(C) वित्तवत्

(D) देवतुल्य

75. 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' यह उक्ति किस वेद से है?

(A) ऋग्वेद

(B) यजुर्वेद

(C) अथर्ववेद

(D) सामवेद

76. जलवायु परिवर्तन

(A) केवल प्राकृतिक होता है

(B) मानव-जनित भी होता है

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उक्त में से कोई नहीं

77. जनसंख्या वृद्धि

(A) मानव-पर्यावरण का संतुलन बनाये रखती है

(B) संसाधनों पर दबाव डालती है

(C) संपूर्ण विकास में अत्यधिक सहायक है

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

